उत्तर – नया साझेदार फर्म में प्रवेश करने की तिथि से पूर्व सम्पत्तियों व दायित्वों के मूल्यों में परिवर्तन के कारण हानि के लिए न तो उत्तरदायी होता है और न लाभों में भागीदार हो सकता है।सम्पत्तियों व दायित्वों के पुनर्मूल्यांकन पर यदि लाभ है तो पुराने साझेदार इस लाभ में नये साझेदार को भागीदार नहीं बनने देंगे तथा हानि होने पर नया साझेदार ऐसी हानि में भागीदार नहीं बनना चाहेगा।

अतः इस समस्या के समाधान के लिए नये साझेदार के प्रवेश से पूर्व ही सम्पत्तियों व दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन कर लिया जाता है तथा इसके फलस्वरूप होने वाले लाभ या हानि को पुराने साझेदारों में पुराने अनुपात में विभाजित कर दिया जाता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

दीर्घ उत्तर प्रश्न:

प्रश्न 1 क्या आप यह उचित समझते हैं कि साझेदार के प्रवेश के समय परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए? साथ ही यह भी बताएँ कि इसका लेखांकन व्यवहार क्या होगा?

उत्तर – जी हाँ, हम यह उचित समझते हैं कि नये साझेदार के प्रवेश के लाभ परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों का पुनर्मल्यांकन किया जाना चाहिए।नये साझी के प्रवेश पर सम्पत्तियों व दायित्वों का पुस्तक मूल्य बाजार मूल्य से कम अथवा अधिक हो सकता है।अतः नये साझेदार के प्रवेश पर पुराने तथा नये साझी दोनों यही पसन्द करते हैं कि सम्पत्तियों व दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन कर लिया जाए।पुनर्मूल्यांकन पर हुई लाभ अथवा हानि को पुराने साझेदार पुराने अनुपात में बाँटते हैं।

यदि सम्पत्तियों का बाजार मूल्य पुस्तक मूल्य से अधिक हो गया है अथवा दायित्वों का मूल्य कम हो गया है तो पुनर्मूल्यांकन पर लाभ होगा तथा पुराने साझेदार नये साझेदार को इस लाभ में से हिस्सा नहीं देना चाहेंगे।इसके विपरीत यदि सम्पत्तियों का बाजार मूल्य पुस्तक मूल्य से कम हो गया है अथवा दायित्वों का मूल्य बढ़ गया है तो पुनर्मूल्यांकन पर हानि होगी तथा नया साझेदार इस हानि में भागीदार नहीं बनना चाहेगा।

इस समस्या के समाधान के लिए नये साझेदार के प्रवेश पर सम्पत्तियों व दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन करते हैं तथा इससे होने वाली लाभ-हानि को पुराने साझेदारों में पुराने अनुपात में बाँट देते हैं।सम्पत्तियों व दायित्वों के पुस्तक मूल्य में परिवर्तन करने के लिए जिस खाते के माध्यम से समायोजन किया जाता है, उसे पुनर्मूल्यांकन खाता (Revaluation Account) कहते हैं।

पुनर्मूल्यांकन पर हानि होने पर इस खाते को डेबिट तथा सम्बन्धित सम्पत्ति व दायित्व को क्रेडिट किया जाता है।पुनर्मूल्यांकन पर लाभ होने पर इस खाते को क्रेडिट तथा सम्बन्धित सम्पत्ति व दायित्व को डेबिट किया जाता है।

इस सम्बन्ध में निम्न प्रविष्टियाँ की जाती हैं:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

1. सम्पत्ति के मूल्य में कमी होने पर	Revaluation a/c To Particular Asset a/c (Value of assets decreased)	Dr.	(कमी की राशि से)
2. सम्पत्ति के मूल्य में वृद्धि होने पर	Particular Asset a/c To Revaluation a/c (Value of assets increased)	Dr.	(वृद्धि की राशि से)
3. दायित्वों के मूल्य में वृद्धि होने पर	Revaluation a/c To Particular Liability a/c (Increase in Liability)	Dr.	(वृद्धि की राशि से)
4. दायित्वों के मूल्य में कमी होने पर	Particular Liability a/c To Revaluation a/c (Decrease in Liability)	Dr.	(कमी की राशि से)
5. आयोजन की राशि में वृद्धि होने पर	Revaluation a/c To Provision a/c (Being Provision raised)	Dr.	(वृद्धि की राशि से)
6. आयोजन राशि में कमी करने पर	Provision a/c To Revaluation a/c (Decrease in Provision)	Dr.	(कमी की राशि से)
7. चिट्ठे में न दिखाये गये दायित्वों का लेखा करने पर	Revaluation a/c To Particular Liability a/c (Liability recorded)	Dr.	(दायित्व की राशि से)
8. चिट्ठे में न दिखायी गई सम्पत्ति का लेखा करने पर	Particular Asset a/c To Revaluation a/c (Asset recorded in books)	Dr.	(सम्पत्ति की राशि से)
9. कृत्रिम सम्पत्ति को समाप्त करने पर	Revaluation a/c To (Particular) Assets a/c (Being Assets written off)	Dr.	(सम्पत्ति की राशि से)
10. पुनर्मूल्यांकन पर लाभ होने पर	Revaluation a/c To Old Partners' Capital a/cs (Profit on revaluation distributed to old partners)	Dr.	(लाभ की राशि से)
11. पुनर्मूल्यांकन पर हानि होने पर	Old Partners' Capital a/cs To Revaluation a/c (Loss on revaluation distributed to old partners)	Dr.	(हानि की राशि से)

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 2 ख्याति क्या है? ख्याति को प्रभावित करने वाले तत्व कौनसे हैं?

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर – ख्याति (Goodwill) ख्याति व्यापार की एक अदृश्य सम्पत्ति होती है।यह दिखाई नहीं देती लेकिन व्यवसाय को इसका बड़ा लाभ मिलता है।एक सुस्थापित व्यवसाय को कुछ समय पश्चात् प्रतिष्ठा और विस्तृत व्यवसाय सम्बन्धों का लाभ होने लगता है।यह व्यवसाय को एक नए स्थापित व्यवसाय की तुलना में अधिक लाभ कमाने में सहायता करता है ।लेखांकन में ऐसे लाभ के मौद्रिक मूल्य को ख्याति कहते हैं।

यह एक आभासी (काल्पनिक) परिसम्पत्ति समझी जाती है।दूसरे शब्दों में, ख्याति किसी व्यवसाय की प्रसिद्धि का ऐसा मूल्य है, जिससे कि वह उस व्यवसाय में लगी हुई अन्य इकाइयों द्वारा अर्जित किए गए सामान्य लाभ की अपेक्षा अधिक लाभ अर्जित करती है।प्रायः यह देखा जाता है कि जब एक व्यक्ति ख्याति की राशि का भुगतान करता है तो वह भुगतान उसे अधिक लाभ प्राप्त करने की स्थिति में पहुँचा देता है, जिसे वह मात्र अपने प्रयत्नों से प्राप्त नहीं कर सकता था।

दूसरे शब्दों में ख्याति को इस प्रकार परिभाषित किया जा सकता है; "फर्म की ख्याति सम्भावित अधिक आय का वर्तमान मूल्य है।" या ख्याति "व्यवसाय का वह पूँजीकृत मूल्य है जो कि उसकी विभेदात्मक लाभ क्षमता से जुड़ा होता है"।अतः ख्याति तभी विद्यमान होगी जब फर्म सामान्य लाभों से अधिक लाभ अर्जित करती है ।जिस फर्म में हानि हो रही हो या सामान्य लाभ हो रहे हों, उस फर्म की ख्याति नहीं होती है।

ख्याति की विशेषताएँ (Characteristics of Goodwill):

- ख्याति व्यवसाय की अदृश्य (अमूर्त) सम्पत्ति है।
- यह एक मूल्यवान सम्पत्ति है।
- यह अधिक लाभार्जन में सहायक होती है।
- यह एक ऐसी आकर्षण शक्ति है जो कि ग्राहकों को उनके पुराने स्थान पर लाती है।
- इसका मूल्य परिवर्तित होता रहता है।

ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले तत्व (Factors affecting value of Goodwill):

ख्याति के मूल्य को प्रभावित करने वाले मुख्य तत्व/घटक निम्न हैं:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

- **व्यवसाय का स्वरूप:** ऐसी फर्म जो उच्च मूल्य वृद्धि उत्पादों का उत्पादन करती है या जिनके उत्पादों की माँग स्थिर रहती है, अधिक लाभ कमाती है।अतः ऐसी फर्मों की ख्याति अधिक होती है।
- **स्थान:** यदि व्यवसाय केन्द्रीय स्थान पर स्थित है या उस स्थान पर जहाँ ग्राहकों की अधिक भीड़ है तो ख्याति का मूल्य बढ़ने लगता है।
- **प्रबन्ध निपुणता:** एक सुप्रबंधित फर्म ऊँची उत्पादकता और लागत कुशलता के कारण अधिक लाभ अर्जित करती है, जिससे उसकी ख्याति के मूल्य में वृद्धि होती है।
- **बाजार की स्थिति:** एकाधिकार की स्थिति, सीमित प्रतियोगिता एवं कम जोखिम की स्थिति में फर्म को अधिक लाभ अर्जित करने का मौका मिलता है।इससे फर्म की ख्याति के मूल्य में भी वृद्धि होती है।
- विशेष लाभ ऐसी फर्म जिसे आयात लाइसेंस, बिजली की निम्न दर व निरन्तर आपूर्ति का आश्वासन, माल पूर्ति के दीर्घकालीन ठेके, सुप्रसिद्ध सहयोगी, पेटेंट, व्यापारिक चिह्न आदि के विशेष लाभ प्राप्त होते हों, उसकी ख्याति का मूल्य ऊँचा होगा।

प्रश्न 3 ख्याति के मूल्यांकन की विधियों की व्याख्या करें।

उत्तर – ख्याति के मूल्यांकन की विभिन्न विधियाँ (Various Methods of Valuation of Goodwill):

ख्याति के मूल्यांकन की अनेक विधियाँ व्यवहार में प्रचलित हैं।कोई भी एक विधि सर्वसम्मत विधि नहीं है।इसके लिए कब और किस विधि को प्रयोग में लाया जाए, यह ख्याति की प्रकृति एवं तत्कालीन सम्बन्धित परिस्थितियों पर निर्भर करता है।ख्याति के मूल्यांकन की प्रमुख प्रचलित विधियाँ निम्न प्रकार हैं।

1. औसत लाभ विधि (Average Profit Method): इस विधि में यह माना जाता है कि व्यवसाय के औसत लाभ भविष्य में कितने वर्षों तक अर्जित होते रहेंगे अतः इसका एक निश्चित वर्षों (यथा 3, 4, 5 या 7 वर्ष) का क्रय मूल्य ही ख्याति का मूल्य माना जाता है।अतः इस विधि द्वारा ख्याति का मूल्यांकन करते समय सर्वप्रथम यह निश्चय करना होगा कि औसत लाभों का कितने वर्षों का क्रय मूल्य ख्याति का मूल्य समझा जाए।इसकी निम्नांकित दो मुख्य विधियाँ हैं।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(i) सरल औसत लाभ विधि (Simple Average Profit Method): इस विधि में गत वर्ष से पूर्व के कुछ वर्षों (सामान्यतः तीन से पाँच वर्षों) के लाभों (हानियों सहित) को आधार मानकर असामान्य हानि, असामान्य लाभ, भविष्य में व्ययों एवं आय में होने वाले परिवर्तनों का समायोजन करते हुए औसत ज्ञात कर लिया जाता है।सरल औसत लाभ विधि के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन निम्न प्रकार से किया जा सकता है।

उदाहरण: राम और श्याम एक फर्म में साझेदार हैं।वे 1 अप्रैल, 2021 को मोहन को फर्म में प्रवेश देना चाहते का मूल्यांकन गत 5 वर्षों के औसत लाभों के 3 वर्षों के क्रय मूल्य के आधार पर करना चाहते हैं।ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।

हल - कुल लाभ = 30,000 + 40,000 + 36,000 + 48,000 + 44.000 = 1,98,000

औसत लाभ = 1,98,000 + 5 = ₹ 39,600

ख्याति का मूल्यं = 39,600 x 3 = ₹ 1,18,800

औसत लाभों की गणना करते समय निम्न बातों का ध्यान रखा जाना चाहिए:

- भूतकाल की असाधारण आय अथवा लाभ को सम्बन्धित वर्ष में से घटा देना चाहिए।
- भूतकाल की असाधारण हानि को सम्बन्धित वर्ष में पुनः जोड़ देना चाहिए।
- गैर व्यापारिक विनियोग की आय को सम्बन्धित वर्ष की आय में से घटा देना चाहिए।

(ii) भारित औसत लाभ विधि (Weighted Average Profit Method):

जब फर्म के पिछले कुछ वर्षों के लाभ निरन्तर बढ़ या घट रहे होते हैं-तब भारित औसत लाभ के आधार पर ख्याति का मूल्यांकन किया जाता है।

उदाहरण: किसी फर्म के गत चार वर्षों के लाभ निम्न प्रकार हैं, भारित औसत लाभों के तीन वर्षों के क्रय के आधार पर ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।गत चार वर्षों के शुद्ध लाभ - 2018 ₹ 4,000: 2019 ₹ 5,000; 2020 ₹ 5,800; 2021 ₹ 6.500

Year	Profit ₹	Weight	Product
2018	4,000	1	4,000

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

2019	5,000	2	10,000
2020	5,800	3	17,400
2021	6,500	4	26,000
		10	57,400

भारित औसत (Weighted Average) = 57,400 + 10 = ₹ 5,740

Goodwill = 5,740 x 3 = ₹ 17,220

II. अधिलाभ आधार विधि (Super Profit Base Method): इस विधि के अन्तर्गत ख्याति का मूल्यांकन करने से पूर्व, फर्म द्वारा अर्जित किए जा रहे अधिलाभ (Super Profit Method) की गणना की जाती है।औसत वार्षिक लाभ या भावी लाभ का अपेक्षित सामान्य लाभ पर आधिक्य अधिलाभ कहलाता है।दूसरे शब्दों में, औसत वार्षिक लाभ में से साझेदारों की सेवाओं के पारिश्रमिक, वेतन, बोनस, कमीशन आदि को घटाने के पश्चात् जो शुद्ध औसत लाभ बचता है उसमें से व्यवसाय में लगी हुई विनियोजित पूँजी पर प्रचलित सामान्य प्रत्याय दर (Normal Rate of Return) से अपेक्षित सामान्य लाभ ज्ञात करके उसे घटाने के पश्चात् शेष बचा लाभ अधिलाभ कहलाता है।

अधिलाभ आधार विधि में जितने वर्षों के क्रय के बराबर ख्याति का मूल्य ज्ञात करने के लिए प्रश्न में कहा गया हो उसको अधिलाभ से गुणा करके ख्याति का मूल्य ज्ञात कर लेते हैं।किसी फर्म के पिछले पाँच वर्षों के वार्षिक औसत लाभ ₹ 78,000 हैं तथा साझेदारों की सेवाओं का पारिश्रमिक ₹ 20,000 वार्षिक है।यदि व्यवसाय में विनियोजित पूँजी ₹ 3,00,000 है एवं प्रचलित सामान्य प्रत्याय दर 15% वार्षिक है तथा ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ के चार गुणा के बराबर माना जाता हो तो ख्याति का मूल्य निम्न प्रकार ज्ञात किया जाएगा।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

औसत लाभ	=	78,000
घटाया— साझेदारों का पारिश्रमिक	=	20,000
शुद्ध औसत लाभ	=	58,000
घटाया—अपेक्षित सामान्य लाभ $\left(3,00,000 \times \frac{15}{100}\right)$	=	45,000
अधिलाभ	=	13,000

ख्याति का मूल्य = अधिलाभ × 4 = 13,000 × 4 = ₹ 52,000

III. पूँजीकरण विधि (Capitalisation Method): इस विधि के अन्तर्गत व्यवसाय द्वारा अर्जित लाभों का पूँजीकरण करके ख्याति का मूल्य ज्ञात किया जाता है।इस विधि के अन्तर्गत ख्याति का मूल्यांकन अग्र दो आधारों पर किया जा सकता है।

(i) औसत लाभों की पूँजीकरण विधि

$$\text{औसत लाभों का पूँजीकरण मूल्य} = \frac{\text{औसत लाभ} \times 100}{\text{सामान्य प्रत्याय दर}}$$

ख्याति = लाभों का पूँजीकृत मूल्य – विनियोजित पूँजी

(Goodwill = Capitalised Value of Profits - Capital Employed)

[नोट : यदि औसत लाभों का पूँजीकृत मूल्य व विनियोजित पूँजी का अन्तर शून्य या ऋणात्मक है तो ख्याति का मूल्य शून्य होगा।]

जैसे - एक फर्म का औसत लाभ ₹ 15,000 है और फर्म की पूँजी ₹ 1,00,000 है।सामान्य प्रत्याय दर 10 प्रतिशत है।औसत लाभों की पूँजीकरण विधि से ख्याति की गणना निम्न प्रकार की जाएगी

$$\text{ख्याति} = \frac{\text{औसत लाभ} \times 100}{\text{सामान्य प्रत्याय दर}} - \text{विनियोजित पूँजी}$$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

ख्याति = $\frac{15,000 \times 100}{10}$ - 1,00,000 = 1,50,000 – 1,00,000 = ₹ 50,000

(ii) अधिलाभों की पूँजीकरण विधि (Capitalisation of Super Profits): इस विधि में अधिलाभों की गणना करके प्रचलित सामान्य प्रत्याय दर/ब्याज दर पर उसका पूँजीकरण किया जाता है।यह पूँजीकृत मूल्य ही ख्याति का मूल्य होता है, जैसे - किसी फर्म का शुद्ध औसत लाभ ₹ 58,000 है. तथा फर्म की कुल विनियोजित पूँजी ₹ 3,00,000 है ऐसी ही अन्य फर्मों में सामान्य प्रत्याय की दर 15% है।फर्म की ख्याति का मूल्य अधिलाभों के पूँजीकरण विधि से निम्न होगा।

औसत लाभ	=	₹ 58,000
घटाया—अपेक्षित सामान्य लाभ	=	₹ 45,000
अधिलाभ	=	₹ 13,000

ख्याति = $\frac{\text{अधिलाभ} \times 100}{\text{सामान्य प्रत्याय दर}}$

प्रश्न 4 यदि समस्त साझेदारों के मध्य यह समझौता होता है कि प्रत्येक साझेदार की पूँजी नये लाभ विभाजन अनुपात के अनुसार निर्धारित की जाएगी तो आप सभी साझेदारों की नयी पूँजी कैसे निकालेंगे?

उत्तर – समस्त साझेदारों के मध्य यह समझौता होने पर कि प्रत्येक साझेदार की पूँजी नये लाभ विभाजन अनुपात के अनुसार निर्धारित की जाएगी तो ऐसी स्थिति में साझेदारों की नयी पूँजी की गणना की निम्न दो स्थितियाँ होती हैं।

- नये साझेदार की पूँजी दी गयी हो।
- फर्म की कुल पूँजी दी गयी हो।इनका वर्णन निम्न प्रकार है।

(1) नये साझेदार की कुल पूँजी दी गयी हो: ऐसी स्थिति के अन्तर्गत नए साझेदार को दिए गए लाभ के हिस्से एवं उसकी पूँजी के आधार पर फर्म की कुल पूँजी ज्ञात कर ली जाती है ।तत्पश्चात् समस्त साझेदारों का नया लाभ-हानि अनुपात ज्ञात करके प्रत्येक साझेदार की उसके अनुपात के

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

आधार पर पूँजी ज्ञात की जाती है।परिणामस्वरूप जिन साझेदारों की नयी पूँजी, पुरानी पूँजी से कम होती है वे आधिक्य को फर्म से निकाल लेते हैं अथवा आधिक्य का हस्तांतरण उनके चालू खातों में क्रेडिट पक्ष में कर दिया जाता है।इसी प्रकार जिन साझेदारों की नयी पूँजी, पुरानी पूँजी से अधिक होती है, वे व्यापार में और पूँजी लाते हैं अथवा कमी का समायोजन उनके चालू खाते को डेबिट करके कर दिया जाता है।

उदाहरण: अ और ब एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभ का विभाजन करते हैं।वे स को लाभ में 1/4 भाग के लिए शामिल करते हैं ।स ₹ 20,000 पूँजी के लिए लाता है।ख्याति, परिसम्पत्तियाँ एवं दायित्वों से सम्बन्धित समायोजनों के पश्चात् पुराने साझेदारों अ और ब की पूँजी क्रमशः ₹ 45,000 और ₹ 15,000 है।यह निर्णय लिया गया कि साझेदारों की पूँजी नए लाभ विभाजन अनुपात के अनुसार होगी।अ और ब की नई पूँजी ज्ञात कीजिए।जिस साझेदार की पूँजी कम होगी वह आवश्यक राशि लेकर आएगा तथा पूँजी राशि अधिक होने पर निकाल ली जाएगी।

हल: (i) नए लाभ विभाजन की गणना यह माना गया है कि स ने अपना भाग, अ और ब से पुराने लाभ विभाजन अनुपात में लिया है, अर्थात् 2 : 1

"कुल भाग = 1
स का भाग = 1/4
शेष भाग = 1 - 1/4 = 3/4
अ का नया भाग = $\frac{3}{4} \times \frac{2}{3} = \frac{6}{12}$
ब नया भाग = $\frac{3}{4} \times \frac{1}{3} = \frac{3}{12}$
स का नया भाग = $\frac{1}{4} \times \frac{3}{3} = \frac{3}{12}$
अतः अ, ब और स के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात 6 : 3 : 3 या 2 : 1 : 1 होगा।

(ii) अ और ब की नयी पूँजी: स की पूँजी (जिसका लाभ में 1/4 भाग है) ₹ 20,000 है।अतः फर्म की कुल पूँजी होगी।

20,000 x 4/1 = ₹ 80,000

अतः लाभ में भाग के आधार पर अ और ब की पूँजी होगी:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अ की पूँजी = ₹ 80.000 का 2/4 = ₹40,000

ब की पूँजी = ₹ 80,000 का 1/4 = ₹ 20,000

समस्त समायोजनों के पश्चात् अ और ब की पूँजी क्रमश: ₹ 45,000 और ₹ 15,000 है ।अतः अ फर्म से ₹ 5,000 (₹ 45,000 - ₹ 40,000) निकाल कर ले जाएगा।जबकि ब ₹ 5,000 (₹ 20,000 - ₹ 15,000) की राशि को लेकर आएगा।

(2) जब फर्म की कुल पूँजी दी गयी हो: जब फर्म की कुल पूँजी दी गई होती है और यह निर्णय लिया जाता है कि प्रत्येक साझेदार की पूँजी, लाभ विभाजन अनुपात के अनुरूप हो तो ऐसी स्थिति में प्रत्येक साझेदार की पूँजी का निर्धारण (नए साझेदार सहित) उसके लाभ विभाजन अनुपात के आधार पर किया जाता है।अतिरिक्त पूँजी लाकर या अतिरिक्त पूँजी निकाल कर प्रत्येक साझेदार की अन्तिम पूँजी को ऐच्छिक स्तर पर लाया जा सकता है।समझौते के अनुसार यह समायोजन चालू खातों के द्वारा भी किया जा सकता है।

उदाहरण: अ, ब और स एक फर्म में साझेदार हैं तथा 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ का विभाजन करते हैं।वे द को फर्म में 1/4 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जिसे वह अ से 1/8 भाग तथा ब से 1/8 भाग प्राप्त करता है।फर्म की कुल पूँजी ₹ 1,20,000 निर्धारित की जाती है तथा द को अपने 1/4 भाग के लिए फर्म में पूँजी लाना तय हुआ।अन्य साझेदारों की पूँजी का समायोजन भी उनके लाभ विभाजन अनुपात के आधार पर किया जाएगा।समस्त समायोजनों के पश्चात् अ, ब और स की पूँजी क्रमशः ₹ 40,000, ₹ 35,000 और ₹ 30,000 है।अ, ब और स की नयी पूँजी की राशि ज्ञात करें।वे कितनी राशि लायेंगे अथवा ले जायेंगे?

हल - (1) नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना:

अ = 3/6 or 1/2 - 1/8 = 3/8

ब = 2/6 or 1/3 - 1/8 = 5/24

स को लाभ में पहले की तरह 1/6 भाग दिया जाएगा।

अतः अ, ब, स और द का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$\frac{3}{8} : \frac{5}{24} : \frac{1}{6} : \frac{1}{4}$ या $\frac{9}{24} : \frac{5}{24} : \frac{4}{24} : \frac{6}{24}$ या 9 : 5 : 4 : 6

(2) सभी साझेदारों की पूँजी का निर्धारण: फर्म की कुल पूँजी ₹ 1,20,000

अतः अ की पूँजी =₹ 1,20,000 x 2 = ₹ 45,000

ब की पूँजी = ₹ 1,20,000 x 2 = ₹ 25,000

स की पूँजी = ₹ 1,20,000 x + = ₹ 20,000

द की पूँजी = ₹ 1,20,000 x 6 = ₹ 30,000

अतः अ ₹ 5,000 (₹ 45,000 - ₹ 40,000) लायेगा; ब ₹ 10,000 (₹ 35,000 - ₹ 25,000) निकाल कर ले जाएगा।स ₹ 10,000 (₹ 30,000 - ₹ 20,000) निकालेगा और द ₹ 30,000 लाएगा।

प्रश्न 5 विस्तारपूर्वक बताएँ कि ख्याति का लेखांकन व्यवहार किस प्रकार होगा यदि नया साझेदार ख्याति में अपना भाग नकद लाने में असमर्थ है?

उत्तर – नये साझेदार द्वारा ख्याति में अपना भाग नकद में नहीं लाने पर लेखांकन व्यवहार: यदि नया साझेदार ख्याति में अपना भाग नकद में लाने में असमर्थ है तो ऐसी स्थिति में नये साझेदार द्वारा नहीं लायी गई ख्याति की राशि को नये साझेदार के चालू खाते में नाम तथा पुराने साझेदारों के पूँजी खातों में उनके त्याग अनुपात की दर से जमा किया जायेगा।इसमें निम्न दो परिस्थितियाँ हो सकती हैं।

- पुस्तकों में ख्याति खाता पहले से विद्यमान हो।
- पुस्तकों में ख्याति खाता पहले से विद्यमान नहीं हो।

पुस्तकों में ख्याति खाता पहले से विद्यमान होने पर सर्वप्रथम उसे बन्द किया जायेगा तथा फिर ख्याति सम्बन्धी समायोजन किया जायेगा।इन सबके लिए निम्न जर्नल प्रविष्टियाँ की जायेंगी

यदि पुस्तकों में ख्याति खाता खुला हुआ (विद्यमान) है तो सर्वप्रथम उसे अपलिखित (बन्द) किया जायेगा।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Old Partners' Capital A/cs		Dr.	(पुराने लाभ विभाजन अनुपात में)
To Goodwill A/c			
(Being Existing Goodwill A/c is written off in old profit sharing ratio)			

नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति नकद लेकर नहीं आता है, इस दशा में त्याग अनुपात में निम्न प्रविष्टि होगी

New Partner's Current A/c	Dr.	
To Sacrificing Partners' Capital A/cs		
(Being share of goodwill of new partner is adjusted)		

[नोट : इस दशा में नये साझेदार के पूँजी खाते के स्थान पर उसके चालू खाते को डेबिट किया गया है, ताकि उसकी पूँजी कम न हो।]

प्रश्न 6 साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति के लेखांकन व्यवहार की विभिन्न विधियों को विस्तारपूर्वक बताएँ।

उत्तर – साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति का लेखांकन व्यवहार (Accounting of Goodwill): नये साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति के व्यवहार से सम्बन्धित विधियाँ निम्नलिखित परिस्थितियों के अनुसार हो सकती हैं

(a) जब ख्याति की राशि का भुगतान निजी, रूप से किया जाये।

(b) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि नकद लेकर आता है।

(c) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि नकद लेकर नहीं आता है।

(d) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति आंशिक रूप से नकद में लाता है।

(e) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति सम्पत्ति (In Kind) के रूप में लाता है।

(f) छिपी हुई ख्याति का लेखा।

(g) लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर ख्याति का लेखा।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उपर्युक्त सभी परिस्थितियों में यदि पुस्तकों में ख्याति खाता खुला हुआ (विद्यमान) है तो सर्वप्रथम उसे अपलिखित (बन्द) किया जायेगा।

इसके लिए निम्नांकित प्रविष्टि की जायेगी:

Old Partners' Capital A/cs		Dr.	(पुराने लाभ विभाजन अनुपात में)
	To Goodwill A/c		
(Being existing Goodwill a/c is written off)			

(a) जब ख्याति की राशि का भुगतान निजी रूप से किया जाय: यदि नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति की राशि का भुगतान पुराने साझेदारों को निजी रूप से कर देता है तो फर्म की पुस्तकों में कोई प्रविष्टि नहीं की जायेगी, क्योंकि ख्याति की राशि फर्म में नहीं लिखी जाती है।

(b) जब नया साझेदार अपने हिस्से की राशि नकद लेकर आता है।इस स्थिति में निम्न प्रविष्टियाँ की जाती है।

(i) ख्याति की राशि नकद लाने पर:

Bank A/c	Dr.	
To Premium for Goodwill A/c		
(Being amount of goodwill brought in cash)		

(ii) ख्याति की राशि त्याग करने वाले साझेदारों के खातों में त्याग अनुपात में हस्तान्तरित करने पर:

Pemium for Goodwill A/c	Dr.	
To Sacrificing Partners' Capital A/cs		
(Being amount of goodwill transferred to sacrificing Partners' Capital A/c)		

(iii) ख्याति की राशि व्यापार से निकालने पर:

Pemium for Goodwill A/c	Dr.	
To Sacrificing Partners' Capital A/cs		
(Being amount of goodwill transferred to sacrificing Partners' Capital A/c)		

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(c) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति नकद लेकर नहीं आता है, इस दशा में त्याग अनुपात में निम्न प्रविष्टि होगी:

New Partner's Current A/c	Dr.	
To Sacrificing Partners' Capital A/cs		
(Being share of goodwill of new partner is adjusted through Capital A/c)		

[नोट : इस दशा में नये साझेदार के पूँजी खाते के स्थान पर उसके चालू खाते को डेबिट किया गया है, ताकि उसकी पूँजी कम न हो।]

(d) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति आंशिक रूप से नकद में लाता है, इस दशा में निम्न प्रविष्टियाँ होंगी:

(i) ख्याति का जो हिस्सा नकद लेकर आया है

Bank A/c	Dr.	
To Premium for Goodwill A/c		
(Being amount of goodwill brought in cash)		

(ii) त्याग करने वाले साझेदारों के खातों में त्याग अनुपात में ख्याति का हस्तान्तरण करने पर:

Asset A/c	Dr.	
To Premium for Goodwill A/c		
(Being asset contribute by new partner for his share of goodwill)		

(e) जब नया साझेदार अपने हिस्से की ख्याति सम्पत्ति (kind) के रूप में लाता है, इस दशा में निम्न प्रविष्टियाँ होंगी:

(i) ख्याति के लिए सम्पत्ति लाने पर:

New Partner's Current A/c	Dr.	
To Sacrificing Partners' Capital A/cs		
(Being amount of goodwill adjusted through sacrificing Partners' Capital A/cs)		

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

(ii) ख्याति को त्याग करने वाले साझेदारों के पूँजी खातों में त्याग अनुपात में हस्तान्तरित करने पर:

Gaining Partners' Current A/c Dr.
To Sacrificing Partners' Capital A/cs
(Being adjustment of goodwill due to change in profit sharing ratio)

(f) छिपी हुई ख्याति (Hidden Goodwill) का लेखा सामान्यतः इस विधि का प्रयोग उस दशा में किया जाता है जब नया साझेदार ख्याति की राशि नकद लेकर नहीं आता है।छिपी हुई ख्याति का मूल्यांकन पूँजी विनियोग की व्यवस्था और लाभ विभाजन अनुपात के आधार पर किया जाता है।इस दशा में निम्न समायोजन प्रविष्टि की जाती है

नये साझेदार के ख्याति के हिस्से से:

Pemium for Goodwill A/c Dr.
To Sacrificing Partners' Capital A/cs
(Being amount of goodwill transferred to sacrificing Partners' Capital A/c)

(g) साझेदारों के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर ख्याति के लिए लेखांकन प्रविष्टि:

Old Partners' Capital A/cs Dr. (पुराने लाभ विभाजन अनुपात में)
To Goodwill A/c
(Being existing Goodwill a/c is written off)

नोट :

1. नये साझेदार द्वारा लाई गयी ख्याति की राशि त्याग करने वाले साझेदारों में उनके त्याग अनुपात में बाँटी जायेगी।
2. लेखा मानक 26 के अनुसार ख्याति को पुस्तकों में तभी लिखा जाता है जबकि इसको क्रय करने हेतु मुद्रा या मुद्रा तुल्य कोई प्रतिफल चुकाया गया हो।

अतः केवल क्रय की गई ख्याति का लेखा ही पुस्तकों में होगा।इसे भी शीघ्र ही पुस्तकों से अपलिखित करना चाहिए।एक से अधिक वर्षों में अपलेखन की दशा में यह अवधि 10 वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

स्वअर्जित ख्याति (Self Generated Goodvill) जो किसी साझेदार के प्रवेश, अवकाश ग्रहण, मृत्यु अथवा वर्तमान साझेदारी के लाभ विभाजन अनुपात में परिवर्तन होने पर अर्जित होती है, का समायोजन साझेदारों के पूँजी खातों/ चालू खातों के माध्यम से किया जाना चाहिए।इस आधार पर पुस्तकों में ख्याति खाता नहीं खोला जा सकता है क्योंकि इस दशा में कोई प्रतिफल नहीं चुकाया जाता है।

प्रश्न 7 साझेदार के प्रवेश पर संचित लाभ और हानि का लेखांकन व्यवहार क्या होगा?

उत्तर – संचित लाभ (Accumulated Profits):

प्रायः नये साझेदार के प्रवेश के समय फर्म की पुस्तकों में अनेक संचित अथवा अवितरित लाभ विद्यमान रहते हैं।यह वे लाभ होते हैं जिन्हें पुरानी फर्म द्वारा अर्जित किये गये तथा उन्हें फर्म में ही रख लिया गया था अर्थात् उन्हें साझेदारों के पूँजी खातों में क्रेडिट नहीं किया गया था।संचित अथवा अवितरित लाभों के कतिपय उदाहरण निम्न प्रकार हैं।

1. General Reserve (सामान्य संचय)
2. Reserve Fund (संचय कोष)
3. Building Reserve Fund (भवन संचय कोष)
4. Profit & Loss A/c (Cr.) (लाभ-हानि खाते का क्रेडिट शेष)
5. Contingency Reserve (संदिग्धताओं हेतु संचय), आदि।वस्तुतः ऐसे संचय पुराने साझेदारों द्वारा संचालित व्यापार के फलस्वरूप अर्जित किये गये थे।

संचित अथवा अवितरित हानियाँ एवं आस्थगित व्यय (Accumulated Losses and Deferred Expenses): उपरोक्त के विपरीत चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष की ओर अनेक संचित अथवा अवितरित हानियाँ भी विद्यमान हो सकती हैं।यथा

1. Dr. Balance of Profit & Loss A/c (लाभ-हानि खाते का डेबिट शेष)
2. Deferred Expenses (आस्थगित व्यय) यथा विज्ञापन व्यय, अंशों व ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा आदि।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

ऐसी संचित अथवा अवितरित हानियाँ भी पुरानी फर्म द्वारा ही वहन की गई होती हैं।अतः नये साझेदार के प्रवेश के समय इनका समायोजन करना अत्यन्त आवश्यक होता है।संचित अथवा अवितरित लाभों व हानियों का समायोजन:

(1) जब साझेदार के प्रवेश के पूर्व बनाए गये संचय या कोष आदि होते हैं तो इन्हें पुराने साझेदारों में, पुराने लाभ-हानि अनुपात में उनके पूँजी खातों अथवा चालू खातों (जैसी भी स्थिति हो) में निम्न जर्नल प्रविष्टि द्वारा हस्तान्तरित कर दिया जाता है।

Reserve or Fund A/c	Dr.	
To Old Partners' Capital A/cs		

(2) यदि फर्म में कोई अवितरित लाभ (P & LA/c का Credit Balance) होते हैं तो नये साझेदार के प्रवेश के पूर्व इन्हें पुराने साझेदारों में पुराने लाभ-हानि अनुपात में वितरित कर दिया जाता है।इस सम्बन्ध में निम्नलिखित जर्नल प्रविष्टि की जाती है।

Profit and Loss A/c	Dr.	
To Old Partners' Capital A/cs		

(3) आस्थगित व्यय: जब नये साझेदार को प्रवेश दिया जाता है उस समय यदि फर्म में आस्थगित व्यय (अधिक विज्ञापन आदि) होते हैं तो यह भी अवितरित हानि की तरह ही होते हैं तथा इन्हें पुराने साझेदारों के पूँजी खातों या चालू खातों से अपलिखित कर दिया जाता है।जर्नल प्रविष्टि होगी।

Old Partners' Capital A/cs	Dr.	
To Deferred Expenses A/c		

(4) लाभ - हानि खाते का डेबिट शेष: यदि नये साझेदार के प्रवेश के समय पुराने साझेदारों के लाभ-हानि खाते में डेबिट (नाम) शेष है तो इसके लिए निम्नांकित प्रविष्टि की जाती है।

Old Partners' Capital A/cs	Dr.	
To Profit and Loss A/c		

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 8 पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् फर्म की परिसम्पत्तियाँ एवं दायित्व किस मूल्य पर फर्म की पुस्तकों में दर्शाये जाते हैं? काल्पनिक तुलन पत्र की सहायता से समझाएँ।

उत्तर – पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् फर्म की परिसम्पत्तियाँ एवं दायित्व चालू बाजार मूल्यों अर्थात् पुनर्मूल्यांकित मूल्यों पर फर्म की पुस्तकों में दर्शाये जाते हैं।

इसे निम्न उदाहरण द्वारा समझा जा सकता है।

उदाहरण: राम और श्याम बराबर लाभ विभाजन करते हुए साझेदार हैं।1 अप्रैल, 2021 को उनका तुलन पत्र (Balance Shect) निम्न प्रकार है।

Balance Sheet of Ram and Shyam as on April 01, 2021:

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Sundry Creditors		1,20,000	Cash at Bank	56,000
Capital Accounts :			Debtors	40,000
Ram	75,000		Stock	36,000
Shyam	75,000	1,50,000	Furniture	38,000
			Plant and Machinery	1,00,000
		2,70,000		2,70,000

उक्त तिथि को मोहन को लाभों में 1/3 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया गया जो कि ₹ 1,00,000 पूँजी के रूप में लायेगा।

निम्न समायोजन किये जाना तय किया गया:

1. स्टॉक का बाजार मूल्य ₹ 51,000 है।
2. देनदारों के विरुद्ध ₹ 2,000 का आयोजन किया गया।
3. फर्नीचर ₹ 36,000 पर पुनर्मूल्यांकित किया गया।
4. ₹ 40,000 की एक मशीनरी का लेखा पुस्तकों में करने से रह गया था।
5. बकाया किराया ₹ 1,000।

Revaluation Alc:

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

Particulars		Amount ₹	Particulars	Amount ₹
To Provision for Debtors		2,000	By Stock (51,000 – 36,000)	15,000
To Furniture (38,000 – 36,000)		2,000	By Machinery	40,000
To Rent Outstanding		1,000		
To Profit transferred to :				
Ram's Capital A/c	25,000			
Shyam's Capital A/c	25,000	50,000		
		55,000		55,000

Partners' Capital Accounts

Particulars	Ram ₹	Shyam ₹	Mohan ₹	Particulars	Ram ₹	Shyam ₹	Mohan ₹
To Balance c/d	1,00,000	1,00,000	1,00,000	By Balance b/d	75,000	75,000	–
				By Bank A/c	–	–	1,00,000
				By Revaluation A/c	25,000	25,000	–
	1,00,000	1,00,000	1,00,000		1,00,000	1,00,000	1,00,000

Balance Sheet of Ram, Shyam and Mohan as on April 01, 2021 Amount:

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Sundry Creditors		1,20,000	Cash at Bank (56,000 + 1,00,000)		1,56,000
Capital A/cs :			Debtors	40,000	
Ram	1,00,000		*Less* : Provision	2,000	38,000
Shyam	1,00,000		Stock		51,000
Mohan	1,00,000	3,00,000	Furniture		36,000
Rent Outstanding		1,000	Plant & Machinery		1,40,000
		4,21,000			4,21,000

SHIVOM CLASSES 8696608541

संख्यात्मक प्रश्न:

प्रश्न 1 अ और ब फर्म में साझेदार हैं।उनका लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 है।वेस को साझेदारी में 1/6 भाग के लाभ के लिए प्रवेश देते हैं।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर – अ और ब का लाभ विभाजन अनुपात = 3 : 2

स को साझेदारी में हिस्सा = 1/6 भाग

माना कुल लाभ 1 है।

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अत: नई फर्म में अ और ब का कुल हिस्सा = 1 - 1/6 = 5/6

अ का नई फर्म में लाभ अनुपात = $\frac{3}{5} \times \frac{5}{6} = \frac{3}{6}$
ब का नई फर्म में लाभ अनुपात = $\frac{2}{5} \times \frac{5}{6} = \frac{2}{6}$
स का नई फर्म में लाभ अनुपात = 1/6
अतः नया लाभ विभाजन अनुपात होगा
$\frac{3}{6} : \frac{2}{6} : \frac{1}{6} = 3 : 2 : 1$

प्रश्न 2 अ, ब और स एक फर्म में साझेदार हैं।लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 : 1 है।वे द को 10% लाभ के लिए प्रवेश देते हैं।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर – अ, ब तथा स का पुराना लाभ विभाजन अनुपात = 3 : 2 : 1

द को 10% लाभ के लिए साझेदारी में प्रवेश दिया जाता है।

माना कुल लाभ है = 1

अत: नई फर्म में अ, ब तथा स का कुल लाभ बचा = 1 - 1/100 = 9/10

अ, ब तथा स का नया अनुपात = पुराना अनुपात x अ, ब तथा स का फर्म में बचा कुल लाभ

अ का नया अनुपात = $\frac{3}{6} \times \frac{9}{10} = \frac{27}{60} = \frac{9}{20}$
ब का नया अनुपात = $\frac{2}{6} \times \frac{9}{10} = \frac{18}{60} = \frac{6}{20}$
स का नया अनुपात = $\frac{1}{6} \times \frac{9}{10} = \frac{9}{60} = \frac{3}{20}$
ज्ञात है द का नया अनुपात = 10 या 20
अतः नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{9}{20} : \frac{6}{20} : \frac{3}{20} : \frac{2}{20}$
= 9 : 6 : 3 : 2

प्रश्न 3 X और Y साझेदार हैं।लाभ विभाजन अनुपात 5 : 3 है।z को 1/10 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो कि वह X और Y से समान रूप से अधिग्रहण करता है।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर – X और Y का पुराना लाभ विभाजन अनुपात = 5 : 3

Z को प्रवेश देते हैं लाभों में 1/10 भाग के लिए जिसे वह X और Y दोनों से बराबर प्राप्त करता है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अत: Z प्रत्येक से प्राप्त करता है $\frac{1}{10} \times \frac{1}{2} = \frac{1}{20}$

अत: X का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{5}{8} - \frac{1}{20} = \frac{25-2}{40} = \frac{23}{40}$

Y का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{3}{8} - \frac{1}{20} = \frac{15-2}{40} = \frac{13}{40}$

अतः सभी साझेदारों का नया लाभ विभाजन अनुपात =

$\frac{23}{40} : \frac{13}{40} : \frac{1}{10} = \frac{23:13:4}{40}$ = 23 : 13:4

प्रश्न 4 अ, ब और स साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 2 : 2 : 1 के अनुपात से करते हैं।वे द को 1/8 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो कि वह असे अधिग्रहित करता है।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर – अ, ब, स का लाभ विभाजन अनुपात = 2 : 2 : 1

द को प्रवेश दिया जाता है 1/8 भाग के लिए जिसे वह पूर्णत: अ से प्राप्त करता है।

अत: अ का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{2}{5} - \frac{1}{8} = \frac{16-5}{40} = \frac{11}{40}$

अ, ब, स तथा द का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा:

$\frac{11}{40} : \frac{2}{5} : \frac{1}{5} : \frac{1}{8} = \frac{11:16:8:5}{40}$

= 11 : 16 : 8 :5

प्रश्न 5 P और Q साझेदार हैं।उनका लाभ विभाजन अनुपात 2 : 1 है।वे R को साझेदारी में 1/5 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जिसे R, P और Q से 1 : 2 के अनुपात में अधिग्रहण करता है।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर – P और Q का लाभ विभाजन अनुपात = 2 : 1

R को साझेदारी में प्रवेश देते हैं 1/5 भाग के लिए जिसे वह P और Q से 1 : 2 के अनुपात में प्राप्त करता है।

P द्वारा किया गया त्याग = R का हिस्सा x 1/3

$= \frac{1}{5} \times \frac{1}{3} = \frac{1}{15}$

Q द्वारा किया गया त्याग = R का हिस्सा x 2/3

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

$= \frac{1}{5} \times \frac{2}{3} = \frac{2}{15}$

अतः P का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{2}{3} - \frac{1}{15} = \frac{10-1}{15} = \frac{9}{15} = \frac{3}{5}$

Q का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{1}{3} - \frac{2}{15} = \frac{5-2}{15} = \frac{3}{15} = \frac{1}{5}$

R का लाभ विभाजन अनुपात = 1/5

नया लाभ विभाजन अनुपात =

$\frac{3}{5} : \frac{1}{5} : \frac{1}{5}$ = 3 : 1:1

प्रश्न 6 अ, ब और स साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 3 : 2 : 2 के अनुपात में करते हैं।वे द को 1/5 भाग के लिए साझेदारी में प्रवेश देते हैं जो कि वह अ, ब और स से क्रमशः 2 : 2 : 1 के अनुपात में अधिग्रहण करता है।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर –

अ, ब तथा स का लाभ विभाजन अनुपात = 3 : 2 : 2 or $\frac{3}{7} : \frac{2}{7} : \frac{2}{7}$

वे द को साझेदारी में 1/5 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो कि अ, ब और स से क्रमशः 2 : 2 : 1 के अनुपात में प्राप्त करता है।

अ का त्याग = द का हिस्सा × 2/5

$= \frac{1}{5} \times \frac{2}{5} = \frac{2}{25}$

ब का त्याग = द का हिस्सा × 2/5

$= \frac{1}{5} \times \frac{2}{5} = \frac{2}{25}$

स का त्याग = द का हिस्सा × 1/5

$= \frac{1}{5} \times \frac{1}{5} = \frac{1}{25}$

नया अनुपात = पुराना अनुपात - नया अनुपात

अ का नया अनुपात = $\frac{3}{7} - \frac{2}{25} = \frac{75-14}{175} = \frac{61}{175}$

ब का नया अनुपात = $\frac{2}{7} - \frac{2}{25} = \frac{50-14}{175} = \frac{36}{175}$

स का नया अनुपात = $\frac{2}{7} - \frac{1}{25} = \frac{50-7}{175} = \frac{43}{175}$

अतः अ, ब, स तथा द का नया अनुपात =

$\frac{61}{175} : \frac{36}{175} : \frac{43}{175} : \frac{1}{5} . = \frac{61:36:43:35}{175}$

= 61 : 36 : 43 : 35

प्रश्न 7 अ और ब एक फर्म में साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं।वेस को 3/7 भाग के लिए प्रवेश देते हैं जो कि वह असे 2/7 और ब से 1/7 भाग लेता है।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर – अ और ब का लाभ विभाजन अनुपात = 3 : 2

स को प्रवेश देते हैं 3/7 भाग के लिए जो कि अ से 2/7 और ब से 1/7 लेता है।

अ का त्याग = 2/7

ब का त्याग = 1/7

नया अनुपात = पुराना अनुपात - त्याग अनुपात

अ का नया अनुपात = $\frac{3}{5} - \frac{2}{7} = \frac{21-10}{35} = \frac{11}{35}$

ब का नया अनुपात = $\frac{2}{5} - \frac{1}{7} = \frac{14-5}{35} = \frac{9}{35}$

अतः अ, ब तथा स का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{11}{35} : \frac{9}{35} : \frac{3}{7} = \frac{11:9:15}{35}$

= 11: 9 : 15

प्रश्न 8 अ, ब और स एक फर्म में साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 3 : 3 : 2 के अनुपात में करते हैं।वे द को 4/7 भाग के लिए प्रवेश देते हैं।द अपना भाग अ से 2/7, ब से 1/7 और स से 1/7 लेता है।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर –

अ, ब तथा स का पुराना अनुपात = 3 : 3 : 2 or $\frac{3}{8} : \frac{3}{8} : \frac{2}{8}$

द का भाग 4/7 जो कि वह 2/7 असे, 1/7 ब से और 1/7 स से लेता है।

अ, ब, तथा स का नया अनुपात = पुराना अनुपात - त्याग अनुपात

अ का नया अनुपात = $\frac{3}{8} - \frac{2}{7} = \frac{21-16}{56} = \frac{5}{56}$

ब का नया अनुपात = $\frac{3}{8} - \frac{1}{7} = \frac{21-8}{56} = \frac{13}{56}$

स का नया अनुपात = $\frac{2}{8} - \frac{1}{7} = \frac{14-8}{56} = \frac{6}{56}$

अतः अ, ब, स तथा द का नया लाभ विभाजन अनुपात = $\frac{5}{56} : \frac{13}{56} : \frac{6}{56} : \frac{4}{7} = \frac{5:13:6:32}{56}$

= 5: 13 : 6 : 32

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 9 राधा और रुकमणी फर्म में साझेदार हैं तथा लाभ का विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करती हैं।वे गोपी को साझेदारी में प्रवेश देती हैं।राधा अपने भाग का 1/3 और रुकमणी अपने भाग का 1/4 भाग गोपी के पक्ष में समर्पित करती हैं।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर –

राधा और रुकमणी का लाभ विभाजन अनुपात = 3 : 2 or $\frac{3}{5} : \frac{2}{5}$
राधा गोपी के पक्ष में अपने भाग का 1/3 समर्पित करती है,
अत: राधा का त्याग अनुपात = $\frac{3}{5} \times \frac{1}{3} = \frac{1}{5}$
रुकमणी गोपी के पक्ष में अपने भाग का 1/4 समर्पित करती है,
अत: रुकमणी का त्याग अनुपात = $\frac{2}{5} \times \frac{1}{4} = \frac{1}{10}$
राधा और रुकमणी का नया अनुपात = पुराना अनुपात - त्याग अनुपात
अतः राधा का त्य अनुपात = $\frac{3}{5} - \frac{1}{5} = \frac{2}{5}$
रुकमणी का नया अनुपात = $\frac{2}{5} - \frac{1}{10} = \frac{4-1}{10} = \frac{3}{10}$
गोपी का लाभ अनुपात = $\frac{1}{5} + \frac{1}{10} = \frac{2+1}{10} = \frac{3}{10}$
अतः राधा, रुकमणी तथा गोपी का नया लाभ विभाजन अनुपात =
$\frac{2}{5} : \frac{3}{10} : \frac{3}{10} = \frac{4:3:3}{10}$
= 4 : 3 : 3

प्रश्न 10 सिंह, गुप्ता और खान एक फर्म में साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 3 : 2 : 3 के अनुपात में करते हैं।वे जैन को साझेदारी में प्रवेश देते हैं।सिंह अपने भाग का 1/3 भाग, गुप्ता अपने भाग का 1/4 भाग और खान अपने भाग का 1/5 भाग जैन के पक्ष में त्याग करत हैं।नए लाभ विभाजन अनुपात की गणना करें।

उत्तर –

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

सिंह, गुप्ता तथा खान का लाभ विभाजन अनुपात = 3 : 2 : 3 or $\frac{3}{8} : \frac{2}{8} : \frac{3}{8}$

सिंह जैन के पक्ष में अपने भाग का 1/3 त्याग करता है,

अत: सिंह का त्याग अनुपात = $\frac{3}{8} \times \frac{1}{3} = \frac{3}{24}$

गुप्ता अपने भाग का 1/4 भाग जैन के पक्ष में त्याग करता है,

अत: गुप्ता का त्याग अनुपात = $\frac{2}{8} \times \frac{1}{4} = \frac{2}{32}$

खान अपने हिस्सा का imm भाग जैन के पक्ष में त्याग करता है,

अत: खान का त्याग अनुपात = $\frac{3}{8} \times \frac{1}{5} = \frac{3}{40}$

नया अनुपात = पुराना अनुपात - त्याग अनुपात

सिंह का नया अनुपात = $\frac{3}{8} - \frac{3}{24} = \frac{9-3}{24} = \frac{6}{24}$

गुप्ता का नया अनुपात = $\frac{2}{8} - \frac{2}{32} = \frac{8-2}{32} = \frac{6}{32}$

खान का नया अनपात = $\frac{3}{8} - \frac{3}{40} = \frac{15-3}{40} = \frac{12}{40}$

जन का नया अनुपात = $\frac{3}{24} + \frac{2}{32} + \frac{3}{40} = \frac{60+30+36}{480}$

$= \frac{126}{480} = \frac{21}{80}$

अतः सिंह, गुप्ता, खान और जैन का नया लाभ विभाजन अनुपात =

$\frac{6}{24} : \frac{6}{32} : \frac{12}{40} : \frac{21}{80} = \frac{120:90:144:126}{480}$

= 120 : 90 : 144 : 126

= 20 : 15 : 24 : 21

प्रश्न 11 संदीप और नवदीप फर्म में साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 5 : 3 के अनुपात में करते हैं।वे स को फर्म में प्रवेश देते हैं और नए लाभ विभाजन को 4 : 2 : 1 के अनुपात में विभाजित करने के लिए सहमत हैं।त्याग अनुपात की गणना करें।

उत्तर – संदीप और नवदीप का पुराना लाभ विभाजन अनुपात = 5 : 3

फर्म का नया लाभ विभाजन अनुपात =

संदीप	:	नवदीप	:	स
4	:	2	:	1

त्याग अनुपात = पुराना अनुपात - नया अनुपात

अत: संदीप का त्याग अनुपात = $\frac{5}{8} - \frac{4}{7} = \frac{35-32}{56} = \frac{3}{56}$

नवदीप का त्याग अनुपात = $\frac{3}{8} - \frac{2}{7} = \frac{21-16}{56} = \frac{5}{56}$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अत: संदीप तथा नवदीप का त्याग अनुपात =

$$\frac{3}{56} : \frac{5}{56}$$
$$= 3:5$$

प्रश्न 12 राव और स्वामी फर्म में साझेदार हैं।लाभ का विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं।वे रवि को 1/8 भाग के लाभ के लिए साझेदार बनाते हैं।राव और स्वामी के बीच नया लाभ विभाजन अनुपात 4 : 3 है।नए लाभ विभाजन अनुपात और त्याग अनुपात की गणना करें।

उत्तर – राव और स्वामी का पुराना अनुपात = 3 : 2 रवि को लाभों में 1/8 भाग के लिए प्रवेश देते हैं।

माना लाभ = 1

अतः राम और स्वामी का सम्मिलित भाग = 1 - रवि का भाग

= 1 - 1/8 = 7/8

राव और स्वामी का नया लाभ विभाजन अनुपात = 4 : 3

अत: राव का नया अनुपात = $\frac{7}{8} \times \frac{4}{7} = \frac{4}{8}$
स्वामी का नया अनुपात = $\frac{7}{8} \times \frac{3}{7} = \frac{3}{8}$

रवि का लाभ विभाजन अनुपात = 1/8

अतः नया लाभ विभाजन अनुपात =

राव	:	स्वामी	:	रवि
$\frac{4}{8}$	:	$\frac{3}{8}$	:	$\frac{1}{8}$
4	**:**	**3**	**:**	**1**

त्याग अनुपात = पुराना अनुपात - नया अनुपात

राव का त्याग अनुपात = $\frac{3}{5} - \frac{4}{8} = \frac{24-20}{40} = \frac{4}{40}$
स्वामी का त्याग अनुपात = $\frac{2}{5} - \frac{3}{8} = \frac{16-15}{40} = \frac{1}{40}$

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

अत: त्याग अनुपात = राव : स्वामी

प्रश्न 13 ख्याति के मूल्य की गणना पाँच वर्षों के औसत लाभ के 4 वर्षों के क्रय के आधार पर करें।पिछले पाँच वर्षों का लाभ इस प्रकार है:

	राशि (₹)
2012	40,000
2013	50,000
2014	60,000
2015	50,000
2016	60,000

उत्तर –

वर्षों	लाभ (₹)
2012	40,000
2013	50,000
2014	60,000
2015	50,000
2016	60,000
5 वर्षों का कुल लाभ	2,60,000

$$\text{औसत लाभ} = \frac{2,60,000}{5} = ₹\ 52,000$$

ख्याति = औसत लाभ x क्रय वर्षों की संख्या

= 52,000 x 4 = ₹ 2,08,000

प्रश्न 14 व्यवसाय में विनियोजित पूँजी 2,00,000 रुपये है।फर्म की पूँजी पर प्रत्याय की दर 15% है।वर्ष 2016-17 के दौरान फर्म ने 48,000 रु. का लाभ अर्जित किया।ख्याति की गणना अधिलाभ के 3 वर्षों के क्रय के आधार पर करें।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर – विनियोजित पूँजी = ₹ 2,00,000;

पूँजी पर प्रत्याय की दर = 15%

वास्तविक लाभ = ₹ 48,000

सामान्य लाभ = 2,00,000 x 15/100 = ₹ 30,000

अधिलाभ = वास्तविक लाभ - सामान्य लाभ

= 48,000 - 30,000 =₹ 18,000

ख्याति = अधिलाभ x क्रय वर्षों की संख्या = ₹ 18,000 x 3

= ₹ 54,000

प्रश्न 15 31 मार्च, 2017 को राम और भारत की पुस्तकें ₹ 5,00,000 फर्म की पूँजी को दर्शाती हैं और गत 5 वर्षों का लाभ क्रमशः ₹ 40,000,₹ 50,000,₹ 55,000,₹ 70,000 और ₹ 85,000 है।ख्याति के मूल्य की गणना गत 5 वर्षों के औसत अधिलाभों के 3 वर्ष के क्रय के आधार पर यह मानते हुए करें कि सामान्य प्रतिफल दर 10% है।

उत्तर –

